कोटद्वार, सोमवार
8 अप्रैल 2024
वर्षः 45
अंकः 333 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

### उत्तराखंड में कांग्रेस को जोर का झटका

# पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल ने थामा भाजपा का दामन

देहरादूनः लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस को अलविदा कहने वाले पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत अन्य नेताओं ने अग्रवाल का भाजपा में स्वागत किया। बता दें कि पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ नेता दिनेश अग्रवाल ने शनिवार को पार्टी से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को भेजा। रविवार को वह भाजपा में शामिल हो गए हैं। दिनेश अग्रवाल की गिनती कांग्रेस की विचारधारा से गहरे जुड़े नेताओं में होती रही है। वह तीन बार विधायक तो रहे ही, कांग्रेस की एनडी सरकार और हरीश रावत सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। गत दिन पार्टी की ओर से जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची



में उन्हें भी स्थान दिया गया। यह सूची जारी होने के एक दिन बाद ही दिनेश अग्रवाल ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया।

**महेंद्र भट्ट ने विपक्ष के बयानों पर किया पलटवार**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने विपक्ष के उन बयानों पर पलटवार किया है, जिनमें दागियों को भाजपा में शामिल कराने की बात कही गई है। भट्ट ने कहा कि भाजपा में शामिल होते ही कांग्रेस समेत विपक्ष को अपने साथी दागी नजर आने लगते हैं। उन्होंने कहा कि कोई दागी है या नहीं, इसका निर्णय न्यायालय करता है, भाजपा तो सभी को संस्कारवान व विचारवान बनाती है।

भट्ट ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में यह भी कहा कि अग्निवीर भर्ती के मामले में भी कांग्रेस भ्रम फैलाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। अग्निवीर भर्ती को लेकर राज्य के युवाओं में उत्साह है, जो भर्ती रैलियों में नजर आता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी स्पष्ट कर चुके हैं कि जैसे–जैसे योजना आगे बढ़ेगी, इसके सुखद परिणाम सामने आएंगे।

## पत्नी की बेवफाई पर पति ने की आत्महत्या

हरिद्वार। पत्नी को गैर मर्द के साथ देखने के बाद पति ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया था कि घर में कोहराम मच गया था। पति–पत्नी से जुड़े इस मामले की पूरी कहानी जानकर पुलिस भी दंग रह गई। पति के परिजनों की ओर से इस मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर ली है। यह पूरा दंग करने वाला मामला हरिद्वार जिले में सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अुनसार, हरिद्वार के सिडकुल पुलिस थाने के अंतर्गत एक पति के खुदकुशी कर ली थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की पत्नी के किसी गैर मर्द के साथ संबंध थे। पत्नी के अवैध संबंधों की वजह से पति अकसर परेशान रहता था। पत्नी की बेवफाई से परेशान होकर पति ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक ब्रह्मपुरी रावली महदूद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत कर बताया कि 19 मार्च को उसके पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आरोप लगाया कि पुत्र की पत्नी के किसी और युवक से संबंध थे।

### नैनीताल के लेटीबूंगा में सीएम धामी की जनसभा, बोले

# तुष्टिकरण की राजनीति कर रही कांग्रेस

**भीमताल(नैनीताल)** । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नैनीताल जिले में धारी के लेटीबूंगा पहुंचकर सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह मुस्लिम लीग घोषणा पत्र है। साथ ही कांग्रेस हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति करते आ रही है।

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने यूसीसी बिल लागू करने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 हटाने के साथ विश्व में भारत का डंका बज रहा है।

कांग्रेस देश से मोदी को हटाने की कोशिश कर ले, लेकिन देश की जनता भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में सबसे अधिक काम किया है। पीएम ने



जमरानी बांध, कुमाऊं में एम्स, हल्द्वानी के विकास के लिए धनराशि दी है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों के बदौलत इस बार भाजपा 400 पार सीट जीतने जा रही है।

# कांग्रेस बोल रही टुकड़े–टुकड़े गैंग की भाषा : पीएम



**नवादा, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आज जोरदार हमला किया और कहा कि वह टुकड़े–टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है और कह रही है कि राजस्थान या देश के अन्य हिस्से के लोगों का जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने से क्या वास्ता है। पीएम मोदी ने रविवार को नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान में भाषण के दौरान कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का राजस्थान या देश के अन्य हिस्सों से क्या लेना देना है। प्रधानमंत्री यहां आकर धारा 370 की बात क्यों करते हैं । उन्होंने कहा कि उनकी यह बात सुनकर उन्हें शर्म आई । क्या जम्मू कश्मीर हमारा नहीं है। पीएम मोदी ने सख्त लहजे में कहा कि कांग्रेस के लोग सुन लें और समझ लें, जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है और उसकी रक्षा हमें करनी है। बिहार, राजस्थान के साथ देश के अन्य हिस्से के अनेक नौजवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है । कितने ही वीर जवान जम्मू–कश्मीर को बचाने के लिए तिरंगा में लिपट करके लौटे हैं । ऐसे शहीद जवानों के परिवार से यह पूछना कि उनका धारा 370 से क्या लेना देना, शर्मनाक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टुकड़े–टुकड़े गैंग का ही प्रभाव है कि ये लोग (कांग्रेसी) ऐसी भाषा बोलने लगे हैं। ऐसी भाषा बोलने वालों और शहीदों के अपमान करने वालों को माफ नहीं किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग भारत के एक और विभाजन करने की बात करते हैं। कांग्रेस के एक नेता तो खुलेआम बयान दे रहे हैं कि वह दक्षिण भारत को अलग कर देंगे। जनता ऐसी सोच रखने वाली पार्टी को इस चुनाव में जरूर सबक सिखाएगी ।

# 27 अप्रैल को खुलेंगे मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट

उत्तरकाशी। विश्व प्रसिद्ध डोडीताल स्थित प्राचीन मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट आगामी 27 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले दिए जाएंगे। रविवार को नागदेवता अगोड़ा की अनुमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। वहीं दूसरी ओर कपाटोद्घाटन की तैयारियों को लेकर डोडीताल पर्यटन विकास समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है।भगवान गणेश की जन्मस्थली माने जाने वाले डोडीताल में मां अन्नपूर्णा का प्राचीन मंदिर स्थित है। जहां पर हर साल सैकड़ों की संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक तथा श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं।



शीतकाल में यह पूरा क्षेत्र बर्फ से ढक जाने के कारण सर्दियों में मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं, जबकि गर्मियां शुरू होने पर वैदिक पंचांग के अनुसार देव अनुमति से इस मंदिर का कपाटोद्घाटन किया जाता है। रविवार को डोडीताल पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष बलदेव राणा की अध्यक्षता में समिति की एक बैठक आहुत हुई। बैठक में डोडीताल कपाट के उद्घाटन को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर अध्यक्ष बलदेव राणा और पूर्व जिपं सदास्य कमल सिंह रावत ने बताया कि गणेश चतुर्थदशी के दिन इस वर्ष 27 अप्रैल को डोडीताल स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर के कपाट खोले जायेंगे। जिसके लिए 26 अप्रैल को नाग देवता की अगुवाई में सभी ग्रामीण देव डोलियों संग अगोड़ा से डोडीताल के लिए रवाना होंगे। कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस वर्ष अस्सी गंगा घाटी के पर्यटक स्थल डोडीताल में भारी संख्या में देश विदेश के श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचेंगे। कहा कि मंदिर समिति की ओर से कपाटोद्घाटन की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# अभिभावकों की जेब पर भारी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

देहरादून। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान हैं। नया सत्र शुरू होते ही शहर के कई निजी स्कूलों ने एक बार फिर फीस बढ़ा दी है। यह बढ़ोतरी दस फीसदी तक है। निजी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने की कोशिशों में लगे अभिभावकों को झटका लगा है। निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों के साथ छात्रों पर भी असर पड़ रहा है। दून में बसंत विहार स्थित एक स्कूल में पिछले साल तक छठी कक्षा के छात्र की फीस पांच हजार रुपये मासिक थी। मगर, इस साल स्कूल ने अचानक फीस बढ़ा दी। डालनवाला स्थित एक स्कूल में कक्षा नौ के छात्र की तीन महीने की फीस बीस हजार थी, अब इसमें एक हजार रुपये की वृद्धि कर दी गई। स्कूल मेंटीनेंस, स्कूल वाहन, कंप्यूटर के साथ ही ट्यूशन फीस के नाम पर यह बढ़ोतरी की गई। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के सामने अपना विरोध भी दर्ज कराया। लेकिन उन्हें कोई अपेक्षित जवाब नहीं मिला। वहीं



दूसरी ओर, ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्ष भूमिका यादव ने कहा है कि प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी का विरोध किया जाएगा। नवविहान ट्रस्ट की संस्थापक डॉ. ज्योति श्रीवास्तव के अनुसार, शिक्षा विभाग के अफसरों संग बैठक में मुद्दे को उठाया था, मगर स्कूलों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**स्कूलों से चल रहा किताबों और यूनिफार्म का कारोबार**

आरोप है कि कुछ स्कूलों का दबाव है कि वह या तो अपने परिसर से बच्चों को पुस्तक और यूनिफार्म उपलब्ध कराएंगे। या फिर अभिभावकों को उनकी बताई दुकानों पर जाकर किताबें लेनी होंगी, जहां मनमाने दामों पर किताबें लेनी पड़ रही हैं। नवविहान ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष डॉ.ज्योति श्रीवास्तव बताती हैं कि खुले बाजार में ये ही किताबें प्रिंट रेट से भी कम दाम में मिलती हैं। मगर स्कूलों से तय दुकानों में यही किताबें भारी दामों में लेनी पड़ रही हैं। अनेक अभिभावकों ने उनसे अपनी परेशानी रखी है। उन्होंने बताया कि हर साल कोर्स बदलने से अभिभावकों को नई किताबें लेनी पड़ रही हैं। अफसर चुनावों में व्यस्त और स्कूलों में मनमानीः अभिभावकों का कहना है कि अफसर इन दिनों चुनाव में व्यस्त हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत का कहना है कि उनके पास निजी स्कूलों की फीस वृद्धि को लेकर अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर ही कार्रवाई की जा सकेगी।

## एक नजर

### कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, बस पलटने से चार लोगों की मौत , 30 घायल

चित्रदुर्ग। कर्नाटक में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी बस होलालाकेरे शहर के पास पलट गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना होलालकेरे टाउन के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुई। इस हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए और इनमें से आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### ऑन लाइन कमाई के लालच में फंसकर गंवाए आठ लाख

हरिद्वार। ऑन लाइन कमाई के लालच में फंसकर एक युवक ने आठ लाख रुपये गंवा दिए। पीड़ित युवक ने साइबर ठग के खिलाफ कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। क्षेत्र की दयानंद नगर निवासी सुरेश कुमार चुघ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पुत्र प्रियांशु चुघ ने ऑनलाइन काम करने के लिए दो लोगों से संपर्क किया था। उन्होंने उसे हर माह भारी भरकम कमाई होने का झांसा देकर अपनी बातों में फंसा लिया। आरोप है कि शुरुआत में निवेश करने के नाम पर उससे रकम ली गई, जिसके बाद रकम मुनाफे के साथ लौटा दी गई।

### 'जनता को पांच न्याय, 25 गारंटी पर भरोसा'

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि आम जनता को पार्टी की पांच न्याय 25 गारंटी पर पूरा भरोसा है और यह उनमें एक नई उम्मीद जगा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय, पच्चीस गारंटी भारत के लोगों में 10 साल के कथित अन्याय–काल के बाद एक नई उम्मीद जगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी वक्त की मांग है।

# केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने झूठ बोला, सूखा राहत कोष पर बोले सीएम सिद्धारमैया

बंगलूरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण पर सूखा राहत कोष को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि आचार संहिता लागू होने की वजह से अनुदान जारी नहीं किया गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। सिद्धारमैया के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने झूठ बोला कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण सूखा राहत कोष जारी नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने सूखा राहत के लिए दिसंबर में ही अपना ज्ञापन सौंप दिया था। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि कर्नाटक में देश में दूसरा सबसे अधिक टैक्स जमा होने के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा राज्य को राहत राशि जारी नहीं की गई। उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी 10



साल से प्रधानमंत्री हैं। क्या उन्होंने बेंगलुरु के लिए कुछ किया है?

**केंद्र सरकार द्वारा झूठ बोला जा रहा है**

दरअसल सिद्धारमैया कांग्रेस के बेंगलुरु उत्तर लोकसभा उम्मीदवार प्रोफेसर एमवी राजीव गौड़ा के लिए चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ये बातें कही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक से 4.30 लाख करोड़ रुपये टैक्स के रूप में केंद्र को जाता है और जब हम सूखा राहत के लिए राशि मांगते हैं, तो केंद्र सरकार द्वारा झूठ बोला जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने दिसंबर में राहत राशि मांगी थी। फिर भी कर्नाटक में सूखा राहत के लिए एक भी रुपया जारी नहीं किया गया। क्या यह कर्नाटक के लोगों के साथ अन्याय नहीं है?

**निर्मला सीतारमण ने क्या कहा था?**

शनिवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि आचार संहिता लागू होने तक धन जारी करने की प्रक्रियाओं में समय लग गया था। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक सरकार द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया था और केंद्रीय टीम द्वारा मूल्यांकन करने के बाद, सूखा राहत जारी करने के लिए कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा, इसमें समय लग गया। वित्त मंत्री के अनुसार, केंद्रीय अधिकारियों ने 28 मार्च को चुनाव आयोग को एक उच्च–स्तरीय समिति बुलाने की पूर्व मंजूरी लेने के लिए एक पत्र लिखा था। सीतरमण ने कहा था कि आदर्श आचार संहिता लागू है और इस संबंध में चुनाव आयोग की मंजूरी का इंतजार है।

**डी के शिवकुमार ने भी साधा केंद्रीय मंत्री पर निशाना**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने भी सीतारमण पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार ने सूखा राहत अपील चार महीने पहले प्रस्तुत की थी और उस समय कोई आदर्श आचार संहिता नहीं थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अब आचार संहिता का बहाना बना रही है।

## गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' का सामूहिक उपवास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी सामूहिक उपवास कर रही है। पार्टी के प्रमुख नेताओं ने रविवार को जंतर–मंतर पर एक दिन का उपवास शुरू किया है। पार्टी नेताओं ने का कहना है कि देश के अन्य राज्यों के साथ–साथ विदेश में भी भारतीय नागरिक इसी प्रकार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अअढ नेता आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं। सभी लोग केजरीवाल की जमानत चाहते हैं। बीजेपी की ईडी और सीबीआई आम आदमी पार्टी के नेताओं से शराब घोटाले का एक भी पैसा नहीं दिखा पाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा को 55 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया अभी तक उसमें समन क्यों नहीं भेजा गया? वहीं, आप नेता संजय सिंह ने कहा कि जेल से आने के बाद मुझे पता चला है कि गहरी साजिश के तहत अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है।

## लू की चपेट में देश के आठ राज्य, मौसम विभाग का अनुमान

दिल्ली। आईएमडी के मुताबिक 8 से 13 अप्रैल तक उत्तराखंड में हल्की बारिश/हिमपात का अनुमान है। वहीं, जम्मू–कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में से 10 से 13 अप्रैल तक छिटपुट बारिश हो सकती है। राजस्थान, यूपी में 10 से 13 अप्रैल के बीच और हरियाणा–पंजाब में 13 अप्रैल को हल्की बारिश के साथ आंधी का अनुमान है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु समेत आठ राज्य इस समय लू की चपेट में हैं, जहां तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं, जिनकी वजह से अगले छह दिनों के दौरान यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में छिटपुट बारिश लोगों को गर्मी से राहत दिला सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की तरफ से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, कुछ जगहों पर आंधी आ सकती है और 30 से 50



किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आईएमडी के मुताबिक 8 से 13 अप्रैल तक उत्तराखंड में हल्की बारिश/हिमपात का अनुमान है। वहीं, जम्मू–कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में से 10 से 13 अप्रैल तक छिटपुट बारिश हो सकती है। राजस्थान, यूपी में 10 से 13 अप्रैल के बीच और हरियाणा–पंजाब में 13 अप्रैल को हल्की बारिश के साथ आंधी का अनुमान है।

## चेन्नई में तीन लोगों से 4 करोड़ रुपये जब्त, फ्लाइंग स्क्वाड को नहीं दिखा पाए नकदी ले जाने का वैध दस्तावेज

चेन्नई। पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने रविवार को बताया कि फ्लाइंग स्क्वाड की एक टीम ने तीन लोगों से 4 करोड़ रुपये जब्त किए हैं, जो चुनावी राज्य तमिलनाडु में तिरुनेलवेली जा रहे थे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने कहा कि आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच शुरू करेगा। तीनों व्यक्ति यहां एग्मोर से तिरुनेलवेली जाने वाली ट्रेन में चढ़े थे और अधिकारियों की टीम ने उन्हें कल देर रात पास के तांबरम में रोका और उनके पास से 4 करोड़ रुपये बरामद किए। उनके पास इतनी नकदी ले जाने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। उन पर भाजपा के तिरुनेलवेली लोकसभा उम्मीदवार नैनार नागेंद्रन के समर्थक होने का संदेह है और उन्हें पूछताछ के लिए



हिरासत में लिया गया है। इधर, राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके ने सीईओ के समक्ष मामला उठाया और नागेंद्रन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीईओ के कार्यालय ने चेंगलपेट के जिला चुनाव अधिकारी के हवाले से कहा कि तांबरम रेलवे स्टेशन पर 4 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। इसे आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को भेज दिया गया है। विभाग चुनाव के दौरान जब्त की गई 10 लाख रुपये से अधिक की राशि की जांच करेगा। जब्ती से संबंधित सभी जानकारी उसे भेज दी गई है। इसके बाद आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच करेगा। डीएमके ने मतदाताओं को पैसे बांटने की योजना बनाने का आरोप लगाते हुए नागेंद्रन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे अखिलेश यादव

**गाजीपुर , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को बाहुबली नेता और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के यहां स्थित पैतृक निवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोकसंवेदना प्रकट की। इस दौरान अखिलेश यादव द्वारा मुख्तार के मौत को असामान्य बताते हुए हत्या और साजिश बताया। उन्होंने सरकार द्वारा गठित किसी भी न्यायिक जांच टीम पर अविश्वास जताते हुए इस घटना कि जांच सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज की निगरानी में कराए जाने की मांग उठाई ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश रविवार को हेलीकॉप्टर से यूसूफपुर मोहम्मदाबाद स्थित शहीद इंटर कॉलेज के मैदान पहुंचे, जहां से वह सड़क मार्ग द्वारा मुख्तार अंसारी घर पहुंचे।

## सोमवती अमावस्या स्नान से पूर्व हुए हरिद्वार के होटल पैक



हरिद्वार। आज सोमवती अमावस्या का स्नान है।रविवार को ही हरिद्वार में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। हरिद्वार के बाजार, गंगा घाट और होटल श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए। हरिद्वार में अधिकतर होटलों के कमरे यात्रियों से भर चुके हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा का कहना है कि सोमवती अमावस्या स्नान से पूर्व रविवार को ही शहर के अधिकतर होटल श्रद्धालुओं से भर गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पहला नवरात्र भी है।

## संपादकीय

# वाक युद्ध का शंखनाद

लोकसभा चुनाव में अब प्रचार को लेकर उत्तराखंड में थोड़ी तेजी नजर आने लगी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रचार के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है जिसमें उत्तराखंड आने वालों में राहुल गांधी समेत अन्य नेता है। हालांकि सोनिया गांधी उत्तराखंड में कोई रैली करेगी अभी यह निश्चित नहीं है। हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस द्वारा जारी की सूची में प्रचार के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल का नाम भी शामिल है जिन्होंने कल ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। उम्मीद के अनुसार ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा जिस पर कांग्रेस ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। उत्तराखंड के अलग–अलग जनपदों में कांग्रेस का प्रचार का खाका तैयार किया जा चुका है और जल्द ही उत्तराखंड की रमणीक और पहाड़ी वादियों में राजनीतिक आरोप प्रत्यारोपों का "वाक युद्ध" भी शामिल हो जाएगा। जल्दी प्रचार में भीड़ जुटाने का क्रम भी शुरू होगा भाजपा एवं कांग्रेस अपनी रैलियां और रोड शो के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन करेगी, लेकिन मुद्दे बुनियादी होंगे या फिर धार्मिक, जनहित के होंगे या फिर घुमा फिरा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा इसका आकलन मतदाता को करना होगा। हैरानी की बात यह है कि चुनावी रैलियां में आम जनता के मुद्दों के अलावा धर्म जाति से लेकर दूसरी बातों पर खूब चर्चा होती है लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा, पहाड़ों से पलायन, निजी स्कूलों की लूट, सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा का गिरता स्तर, भ्रष्टाचार व दूसरे ऐसे मुद्दे जो सीधे जनता के जनजीवन को प्रभावित करते हैं उन पर अधिक चर्चाएं नहीं होती। क्या कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में इन बुनियादी मुद्दों को शामिल करेगी या फिर कांग्रेस भी घुमा फिरा कर धर्म और जाति के समीकरण पर अपनी रेलिया सीमित कर देगी। निश्चित तौर पर कांग्रेस ने जनता तक पहुंचने में देर तो कर ही दी है हालांकि स्थानीय नेताओं का दावा है कि जनता तक पहुंचाने के लिए स्टार प्रचारक नहीं बल्कि स्थानीय नेताओं का होना जरूरी है जो कांग्रेस के पास है। यह अलग बात है कि कांग्रेस की इन दावों के विपरीत उनके कई बड़े नेता भाजपा की दहलीज पर सर झुका चुके हैं। न जाने क्यों कांग्रेस के नेताओं को भाजपा में अपना भविष्य नजर आने लगा है जबकि उन्हें अतीत पर जरूर नजर डालनी चाहिए कि कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व नेता किन परिस्थितियों में है या उनके पार्टी में क्या महत्व है? भाजपा का सिद्धांत है कि वह पहले अपने समर्पित एवं पुराने कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देती है, और यदि कभी पार्टी में इस सिद्धांत पर अतिक्रमण होता है तो व्यापक तौर पर संगठन में विरोध भी नजर आता है। इन परिस्थितियों में भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेसियों को अपना मुकाम हासिल करने के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। स्थानीय तौर पर कांग्रेस के पास अब स्टार प्रचारकों की कमी साफ नजर आती है कुछ एक पुराने कांग्रेसी नेताओं को छोड़ दें तो भीड़ जुटाना की हैसियत रखने वाले नेता ढूंढने मुश्किल हो सकते हैं। समय के साथ–साथ देश का मतदाता भी जागरूक हुआ है और स्टार प्रचारकों के आने से कोई अधिक प्रभाव पड़ता होगा यह आज के दौर में पुख्ता तौर पर कहना मुश्किल है। आमजन आज स्थानीय एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा चाहता है, वैमनस्य एवं धार्मिक नफरत की लड़ाई लड़ा कर वोट लेने के दिन अब लद चुके हैं। जनता समाज और देश का हित समझती है, और अपने विवेक पर सही उम्मीदवार को चुनने की समझ भी उसमें भली–भांति है। इस सबके बावजूद जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए पार्टी के बड़े नेता विभिन्न राज्यों एवं जनपदों का दौरा करते हैं ताकि पक्ष और विपक्ष की बातें जनता तक पहुंचाई जा सके जिससे मतदाता अपने मत के लिए निर्णय लेने का विवेकपूर्ण कदम उठा सके। जल्दी उत्तराखंड में भी यह तर्क वितर्क और आरोप प्रत्यारोपों से भरी जनसभाएं नजर आएंगे।

# लोकसभा चुनाव नजदीक आते आते कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही

**—ललित गर्ग**

लोकसभा चुनावों जैसे–जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों में तांक–झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र–तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नजर आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र–निर्माण के लिए अपनी बात कही जाए, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है।

नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की शक्ति के खिलाफ लड़ाई संबंधी टिप्पणी शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिए रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला–शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का दुष्प्रचार और गलत सूचना राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे से की गई हैं। जैसे–जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी।

### वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की पूरी गिनती की मांग

यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए। लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी जनादेश सर्व–स्वीकृत बना रहता है।

सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज होने वाले वोट और उससे संबंधित वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की अर्जियों पर वह समय रहते अपना निर्णय देगा। लेकिन फिलहाल संकेत यह मिला है कि अदालत ने इस मसले को सवोच्च प्राथमिकता नहीं दी है। वरना, सुनवाई दो हफ्तों के लिए नहीं टाली जाती। समस्या यह है कि 19 अप्रैल से मतदान शुरू हो जाएगा। यह तारीख जितनी करीब आएगी, निर्वाचन आयोग की यह दलील उतनी ठोस होती जाएगी कि इस मामले में सिस्टम बदलने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा है।

इस मामले में निर्वाचन आयोग के रुख पर पहले से कई सवाल रहे हैं। जबकि ना सिर्फ विपक्ष, बल्कि सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े दायरे में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गहराते शक के साथ वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग जोर पकड़ती गई है। मुमकिन है कि इन संदेहों में कोई दम ना हो। इसके बावजूद यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए।

लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी मिला जनादेश सर्व–स्वीकृत बना रहता है। अगर इसके विपरीत धारणाएं बनीं, तो फिर पराजित पक्ष अपनी हार को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाता, जिससे पूरे राजसत्ता की वैधता को चुनौती मिलने की दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। इसलिए इसे आवश्यक माना जाता है कि मतदाता सूची तैयार करने से लेकर चुनाव परिणाम की घोषणा तक का हर कदम विश्वसनीय ढंग से उठाया जाए।

दुर्भाग्य से इनमें से कुछ प्रक्रियाओं पर आज संदेह पैदा हो गया है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने जब वीवीपैट संबंधी अर्जियों पर फिर से सुनवाई का फैसला किया, तो उससे समाज के एक बड़े हिस्से में उम्मीद पैदा हुई। वीवीपैट पर्चियों की गिनती के खिलाफ व्यावहारिक दिक्कत संबंधी कई दलीलें दी जाती हैं। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को संदेहों से परे बनाए रखने के लिए तमाम दिक्कतों को बेहिचक स्वीकार की जानी चाहिए। आशा है, अपना निर्णय देते वक्त सुप्रीम कोर्ट इस आकांक्षा को ध्यान में रखेगा।



हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल–बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोलबाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप–प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई।

भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा चोर के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया।

मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार–तार करने वाले इन नेताओं को आत्म–चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए।

# जमीनी हालात एनडीए के अनुकूल नहीं

**हरिशंकर व्यास**

लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के इतना कुछ करने के बावजूद बिहार में अब भी उम्मीद है। जमीनी हालात एनडीए के अनुकूल नहीं दिख रहे हैं। नरेंद्र मोदी की लहर या अयोध्या की राम लहर का ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि मतदाता किसी लहर से प्रभावित होकर या भावनात्मक मुद्दे के असर में वोट डालने की मंशा नहीं जाहिर कर रहे हैं।

ध्यान रहे पिछली बार के चुनाव में राज्य की 40 में से 39 सीटें एनडीए को मिली थीं। भाजपा 17 सीटों पर लड़ी थी और सभी सीटों पर जीती थी। एक सीट सिर्फ नीतीश की पार्टी हारी थी। रामविलास पासवान की पार्टी भी अपने कोटे की छह सीटों पर जीत गई थी। इस बार हर कोई मान रहा है कि सीटें कम होंगी। जनता दल यू को ज्यादा नुकसान की संभावना जताई जा रही है। इसका कारण यह भी है कि इस बार भाजपा को रोकने के विपक्षी अभियान की शुरुआत बिहार से ही हुई थी।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ विपक्षी गठबंधन बनाने के जब प्रयास शुरू हुए तो सबसे पहले बिहार के ही नेताओं ने कहा था कि अगर 50 सीटें कम कर दी जाएं तो मोदी सरकार बहुमत गंवा देगी। तब नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा था कि यह तो नंबर का खेल है और इस बार विपक्ष मोदी के नंबर्स कम कर देगा। उसके बाद ही आंकड़ों के खेल शुरू हुआ कि कहां से कितनी सीटें कम हो सकती हैं। नंबर्स के इस खेल में बिहार हमेशा अहम रहा। बिहार के अलावा बड़े राज्यों में कर्नाटक और महाराष्ट्र में भाजपा के नंबर्स कम होने की संभावना तभी से देखी जा रही है।

भाजपा और नरेंद्र मोदी को हरा कर सत्ता से बाहर कर देने के बरक्स यह एक दूसरा नैरेटिव था कि उसकी 40–50 सीटें कम कर दी जाएं। यह नैरेटिव बनने के बाद मोदी को समझ में आया कि ऐसा हो सकता है। तभी सबसे पहले यह सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले नीतीश कुमार को तोडने का प्रयास शुरू हुआ।

उनकी पार्टी के नेताओं पर दबाव डाल कर या करीबी कारोबारियों पर कार्रवाई के जरिए भाजपा कामयाब हो गई। उसने नीतीश को फिर से गठबंधन में शामिल कर लिया। लेकिन इस बार नीतीश के पाला बदलने का बहुत सकारात्मक असर नहीं दिखा। लोगों में नाराजगी दिखी। भाजपा के अपने काडर में भी नीतीश को लेकर दूरी का भाव है। तभी एनडीए में तालमेल पहले जैसा नहीं है।

भाजपा बनाम जदयू और जदयू बनाम लोजपा की लड़ाई में कई सीटों पर भितरघात है। कहीं भाजपा के सवर्ण मतदाता नीतीश के उम्मीदवारों को हराने का दम भर रहे हैं तो कहीं जदयू के कोर मतदाता इस बार चिराग पासवान से 2020 के विधानसभा चुनाव का बदला निकालना चाहते हैं तो कहीं चिराग के मतदाता नीतीश के उम्मीदवारों को हराने का संकल्प जाहिर कर रहे हैं।

असल में 2020 में चिराग पासवान ने भाजपा का समर्थन किया था और नीतीश के हर उम्मीदवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारा था, जिससे नीतीश की पार्टी सिर्फ 43 सीट जीत पाई थी। बाद में नीतीश ने चिराग की पार्टी में विभाजन करा दिया था। सो, दोनों पार्टियों को कोर समर्थक एक दूसरे के खिलाफ स्टैंड लिए हुए हैं।

इस बार नीतीश जब से भाजपा के साथ लौटे हैं, तब से भाजपा के इकोसिस्टम से ही उनके ऊपर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं। बिहार के लोग यह भी देख रहे हैं कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी पगड़ी नहीं खोली है। उन्होंने यह पगड़ी इस संकल्प के साथ बांधी थी कि नीतीश को सत्ता से हटा कर ही इसे खोलेंगे। इससे भी भाजपा और जदयू दोनों के समर्थकों में कंफ्यूजन है।

### कांग्रेस ने अग्निवीर और अंकिता हत्याकांड को बनाया मुद्दा

**संजीव मिश्र**

उत्तराखंड में कांग्रेस ने एक रिसोर्ट में अंकिता भंडारी की हत्या के बाद उसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मिलीभगत का आरोप लगाकर इसे मुद्दा बनाया हुआ है। पहाड़ की बेटी को इंसाफ दिलाने की बात बार–बार उठ रही है। कांग्रेस अग्निवीर योजना के विरोध का झंडा भी बुलंद किए हुए है और इसके लिए कई सैनिक सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। जबकि उत्तराखंड में भाजपा विकास के साथ पार्टी के वादे पूरे करने का मसला उठा रही है। इसमें राम मंदिर निर्माण के साथ समान नागरिक संहिता सबसे ऊपर है। पार्टी का कहना है कि उत्तराखंड से भाजपा ने पूरे देश में समान नागरिक संहिता पर अमल की पहल की है। भाजपा यहां कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति को भी मुद्दा बना रही है।उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए मैदान सज चुका है। उत्तराखंड में सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, पूरा चुनाव मुद्दों पर केंद्रित नजर आता है। भाजपा के सामने लगातार तीसरी बार सभी सीटें जीतने की चुनौती है, वहीं कांग्रेस हमलावर भूमिका में है। उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रेल को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए मैदान सज चुका है और धुरंधरों के बीच घमासान मचा है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में सभी पांच सीटें जीतने वाली भाजपा उत्तराखंड में क्लीन स्वीप की हैट्रिक मारना चाहती है। हरिद्वार में रमेश पोखरियाल निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को मौका दिया गया है। यहां उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। पौड़ी गढ़वाल में पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर भाजपा ने पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी को उतारा है। यहां कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदयाल मोर्चा संभाले हैं। अल्मोड़ा में एक बार फिर भाजपा के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा आमने–सामने हैं।

# विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का ट्रेलर आउट, सितारों ने लगाया रोमांस और कॉमेडी का तडक़ा

विद्या बालन बॉलीवुड की बेहद टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं. हालांकि विद्या काफी समय से स्क्रीन से दूर हैं लेकिन एक्ट्रेस अब रोमांटिक कॉमेडी फिल्म दो और दो प्यार से सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक कर रही हैं. विद्या की इस मच अवेटेड फिल्म के ट्रेलर का भी काफी समय से इंतजार किया जा रहा है. फाइनली मेकर्स ने दो और दो प्यार का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है.

ट्रेलर में, हम दो मैरिड कपल की झलक देख सकते हैं जिनकी शादी में स्पार्क नहीं बचा है. ट्रेलर की शुरुआत में शादीशुदा कपल के तौर पर नजर आ रहे विद्या और उनके पति के किरदार में प्रतीक गांधी अपने घर की किचन में झगड़ा करते हुए नजर आते हैं. दोनों का रिश्ता बोझिल हो चुका है और वे किसी तरह इसे खींच रहे हैं.

दोनों ही फिर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चला बैठते हैं. शादीशुदा होते हुए भी विद्या का अफेयर एक फॉरनर से हो जाता है जबकि प्रतीक गांधी इलियाना डिक्रूज से एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर कर बैठेते हैं. हालांकि फिर विद्या और प्रतीक एक रात साथ बिताते हैं और दोनों फिर एक बार करीब आ जाते हैं. इसके बाद फिल्म में कईं ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलते हैं जो खूब एंटरटेन करते हैं. ओवरऑल ट्रेलर काफी मजेदार है.



फिल्म के ट्रेलर को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर शेयर करते हुए विद्या बालन ने कैप्शन में लिखा है, कमर कस लें, क्योंकि अब दो और दो प्यार के साथ मज़ा और रोमांस दोगुना करने का समय आ गया है! दो और दो प्यार ट्रेलर अभी जारी, 19 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रजेंट, दो और दो प्यार प्यार, लव, लाफ्टर और मॉर्डन रिश्तों के कॉम्पलीकेशन का सेलिब्रेशन हैं. इस फिल्म को अवॉर्ड विनिंग एड फिल्म मेकर शीर्षा गुहा ठाकुरता द्वारा निर्देशित किया गया है यह फिल्म उनकी पहली फीचर फिल्म है, और 19 अप्रैल, 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है. इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति ने अहम रोल प्ले किया है.

### खतरे में पड़ा इस स्टार खिलाड़ी का क्रिकेट करियर

नई दिल्ली। अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के उस्मान खान पर बोर्ड के प्रति दायित्वों का उल्लंघन करने के लिए पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। उन्हें (इंटरनेशनल लीग टी20), अबू धाबी टी10 जैसे टूर्नामेंटों में भाग लेने से रोक दिया गया है। उस्मान खान को बोर्ड द्वारा स्वीकृत कोई अन्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी है। बोर्ड ने उस्मान पर यूएई टीम के लिए खेलने के अपने फैसले के बारे में अपने इरादों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया है। बोर्ड ने खुलासा किया कि उसने एक विस्तृत जांच की और निष्कर्ष निकाला कि उस्मान यूएई का प्रतिनिधित्व करने के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करने में सफल नहीं हुए।

**अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने लगाया यह आरोप**

बोर्ड ने एक बयान में कहा, विस्तृत जांच के बाद, उस्मान को यूएई टीम के लिए खेलने के अपने फैसले के बारे में ईसीबी को गलत तरीके से प्रस्तुत करना पाया गया ।

# मोहम्मद शमी ने सर्जरी के बाद बैसाखी पकड़े हुए अपनी फोटो की शेयर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी इंजरी पर अपेडट दिया है। शमी ने एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह बैसाखी के सहारे खड़े हुए नजर आ रहे हैं। स्पीडमास्टर शमी पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल 2023 में क्रिकेट के मैदान पर खेलते हुए नजर आए थे, जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया था। इस मैच में भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा था और तब से ही शमी क्रिकेट मैदान से दूर चल रहे हैं। आईपीएल 2024 में भी वह अपनी इंजरी की वजह से नहीं खेल रहे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जल्दी रिकवर होने की कोई उम्मीद नहीं छोड़ी हैं।



दरअसल, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंजरी के चलते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में मोहम्मद शमी नहीं खेल पाए थे। इसके बाद साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी उन्होंने मिस की। शमी पिछले टी20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे थे। फिलहाल उन्होंने अपनी रिकवरी पर एक अपडेट दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि ट्रैक पर वापसी करते हुए और सफलता की भूख आंखों में लिए। रास्ते मुश्किल हो सकते हैं, लेकिन मंजिल नहीं।

# क्रू की बॉक्स ऑफिस पर पकड़ मजबूत, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 85 करोड़ के पार

तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन स्टारर कॉमेडी ड्रामा क्रू बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई कर रही है. क्रू के ट्रेलर ने ही फिल्म के लिए दर्शकों का एक्साइटेमेंट लेवल काफी बढ़ा दिया था. वहीं जैसे ही फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई वैसे ही इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड उमड़ पड़ी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार ओपनिंग की और रिलीज के पहले हफ्ते में भी जमकर कमाई कर ली. ये फिल्म रिलीज के 7 दिनों में अपनी लागत लगभग निकाल चुकी है. चलिए यहां जानते हैं क्रू ने रिलीज के 8वें दिन कितनी कमाई की है

क्रू को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता पूरा हो चुका है. इस फिल्म में तीन हसीनाओं करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू की तिकड़ी ने दर्शकों को एंटरटेन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. इसी क साथ इस फिल्म नोटों की बारिश हुई है. हालांकि वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी.

क्रू ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर खूब बवाल काटा है. ये फिल्म अब देश में 50 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर तेजी से बढ़ रही है. वहीं वर्ल्डवाइड भी ये फिल्म खूब कमाई कर रही है. एकता कपूर ने क्रू के दुनियाभर में कमाई के शुरुआती आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 7 दिनों में 87.28 करोड़ का कारोबार कर लिया है. वहीं 8वें दिन ये फिल्म 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी. इसी के साथ ये फिल्म वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर तेजी से बढ़ रही है.

### आ गई लव यू शंकर की रिलीज डेट

श्रेयस तलपड़े और तनीषा मुखर्जी स्टारर फिल्म लव यू शंकर के निर्माताओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर अपनी अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. यह फिल्म चैत्र नवरात्रि पर 19 अप्रैल को रिलीज होगी. फिल्म निर्माता राजीव एस. रुइया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े, तनीषा मुखर्जी के साथ ही संजय मिश्रा, इलाक्षी गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, हेमंत पांडे, मास्टर मान गांधी और प्रतीक जैन भी अहम रोल में हैं.श्रेयस तलपड़े ने कहा कि फिल्म लव यू शंकर पर काम करना मेरे लिए जुनून और समर्पण से भरी एक अविश्वसनीय जर्नी रही है.

# मुंबई की टीम को आईपीएल 2024 में पहली जीत मिली

नई दिल्ली। आखिरकार मुंबई की टीम को आईपीएल 2024 में पहली जीत मिली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 29 रन से जीत मिली। तीन लगातार हार के बाद मुंबई इंडियंस ने चौथे मैच में जीत यह सिलसिला तोड़ा। इस जीत में हार्दिक का सोमनाथ मंदिर जाना और नीता अंबानी का खास टोटका काम आया। मुंबई इंडियंस ने पहले पावरप्ले में कमाल की शुरुआत की। रोहित और ईशन किशन भले ही अर्धशतक से चूक गए, लेकिन उन्होंने बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। इसके बाद बाकी के बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। वहीं गेंदबाजी करते हुए, उन्होंने पावरप्ले में काफी रन बचाए और वहां से दिल्ली के लिए यह मैच काफी मुश्किल होता चला गया।

**मैच से पहले कप्तान ने किया था महादेव का दर्शन**

दिल्ली के खिलाफ मैच से एक दिन पहले मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या सोमनाथ मंदिर पहुंचे थे।



तीन लगातार हार के बाद भगवान भोले के दरबार में अपनी हाजरी लगाई थी। हार्दिक ने मंदिर में पूजा–अर्चना की थी। इस दौरान टीम की जीत की दुआ भी की थी।

**स्टेडियम में नीता अंबानी ने अपनाया यह खास टोटका**

मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच देखने के लिए 18000 बच्चों के साथ वानखेड़े पहुंची थीं। इस दौरान सभी बच्चों के साथ में टीम का झंडा था। मैच के दौरान वानखेड़े का नजारा देखने लायक था। वहां, मौजूद लगभग हर हाथ में नीले रंग का झड़ा था और मुंबई इंडियंस की जर्सी पहने हुए थे।

**मुंबई इंडियंस को मिली पहली जीत**

मैच की बात करें तो मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन बनाए थे। रोहित ने 49, ईशान ने 42, टिम डेविड ने नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड ने 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली 8 विकेट 205 रन बना पाए। पृथ्वी शॉ और स्टब्स ने अर्धशतकीय पारी खेली।

# हवा हुए एनजीटी के नियम, खोह नदी बना रहे डंपिंग जोन



कोटद्वार में सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी के तट पर फेंका गया कूड़ा

सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी के तट पर डाली जा रही गंदगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भले ही एनजीटी नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए सख्त रूख अपना रही हो। लेकिन, धरातल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। हालत यह है कि सिद्धबली मंदिर के लिए समीप खोह नदी के तट पर प्रतिदिन कूड़े का ढेर फेंका जा रहा है। ऐसे में जहां नदी दूषित हो रही है वहीं, कूड़े में बड़ी मात्रा में पड़े प्लास्टिक से जंगली जानवरों को भी खतरा बना हुआ है।

एक समय था जब खोह नदी कोटद्वार नगर और आसपास के ग्रामीणों की प्याज बुझाते थी। लेकिन, समय के साथ-साथ नलकूपों की बाढ़ ने खोह नदी से आमजन की निर्भरता को खत्म कर दिया।

**संरक्षण को लेकर लापरवाही**

खोह नदी के संरक्षण को लेकर सिद्धबली मंदिर समिति भी बेपरवाह बनी हुई है।

गंदगी के ढेर देखने के बाद भी समिति के सदस्य आंखें बंद कर देते हैं। जबकि, होना तो यह चाहिए था कि समिति नदी में कूड़ा डालने वालों को चेतावनी देती। ऐसे में यदि नदी में कूड़ा डालना बंद नहीं किया गया तो स्थिति ओर बिगड़ सकती है।

भविष्य को देखते हुए होना तो यह चाहिए था कि खोह नदी का संरक्षण किया जाता। लेकिन, लापरवाही के कारण आज खोह नदी अपने अस्तित्व की जंग लड़ रही है। हालत यह है कि सिद्धबली मंदिर के समीप दुकान चलाने वाले व्यापारियों ने नदी के तट को डंपिंग जोन बनाना शुरू कर दिया है। नदी के तट पर जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। अधिकांश कूड़ा खोह नदी से सनेह के लिए जाने वाली सिंचाई नहर में गिर रहा है।

## अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दबोचा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पौड़ी पुलिस ने देहरादून से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। साथ ही पुलिस ने नाबालिग अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि 4 अप्रैल 2024 को यमकेश्वर निवासी व्यक्ति ने थाना यमकेश्वर में अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के 3 अप्रैल से घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर यमकेश्वर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश आरंभ कर दी। जांच के बाद पुलिस टीम ने आरोपी 59 वर्षीय विजय कुमार पुत्र स्व. कृपा राम, ग्राम फेडवा, थाना यमकेश्वर, जनपद पौड़ी को देहरादून के भानियावाला से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उसके साथ ही नाबालिग अपहृता को भी बरामद कर लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि नाबालिग अपहृता को विजय कुमार बहला फुसला कर अपने भानियावाला स्थित किराए के मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दर्ज मामले में पोक्सों ऐक्ट की धारा लगाने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर वहां से जेल भेज दिया गया है।

## 89 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार, वाहन सीज




कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोतवाली पुलिस ने 89 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। व्यक्ति जिस वाहन में चरस लेकर जा रहा था पुलिस ने उसे भी सीज कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शहर को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार सुबह टीम को चैलूसैण के ग्राम सुराड़ी निवासी मनोज सिंह पनियाली गेस्ट हाउस की ओर से संदिग्ध अवस्था में कार से घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि जब उसकी तलाशी ली गई तो उससे चरस बरामद हो गई। आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### डांडानागराजा मंदिर से मेला 14 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः डांडानागराजा मंदिर विकास समिति द्वारा 14 अप्रैल को मंदिर में मेले का आयोजन किया जाएगा। हर साल बैशाखी के अवसर पर यहां पर मेला आयोजित किया जाता है। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीण भी हिस्सा लेते हैं। डांडानागराजा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश चमोली, सचिव राजेंद्र प्रसाद बिजल्वाण, उपाध्यक्ष उपेंद्र भटट, कोषाध्यक्ष मुकेश बिष्ट, सहसचिव सुमन सिंह, मीडिया प्रभारी सिद्धांत उनियाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी 14 अप्रैल को मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने मेले में पेयजल, यातायात आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए डीएम को ज्ञापन दिया है।

### माकपा ने दिया इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन

रुद्रप्रयाग। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जनरल बॉडी की बैठक में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को समर्थन दिया गया। बैठक में गठबंधन प्रत्याशी गणेश गोदियाल की जीत के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया। मुख्यालय में आयोजित बैठक पार्टी के पूर्व जिला मंत्री राजाराम सेमवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल के सदस्य जीडी नौटियाल ने कहा कि पार्टी पूरे जनपद में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी को सक्रिय किया जाएगा। बीते दस वर्षो में लोकतंत्र, संविधान, मजदूर, किसान व आदिवासी प्रत्येक वर्ग भाजपा के सांप्रदायिक व कारपोरेटपरस्त नीतियों से त्रस्त है। भाजपा सरकार ने राज्य में जनता को विभाजित करने का ऐसा कृत्य किया है जो राज्य के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।

### उत्तराखंड में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील

नई टिहरी। इंडिया गठबंधन के जनपद टिहरी के लिए नियुक्त प्रभारी आनंद सिंह बेलवाल ने विभिन्न घटक दलों के साथ ही आम जनों से उत्तराखंड में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। कहा कि कि वर्तमान में देश की लोकतांत्रिक स्थिति को हर प्रकार से न्यून किया जा रहा है। जिसे बचाने के लिए एकता जरूरी है। रविवार को इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस सहित विभिन्न घटक दलों के प्रतिनिधियों ने कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रतिभाग किया। गठबंधन से जुड़े नेताओं ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति उत्पन्न की जा रही है, इसको बचाने के लिए प्रबुद्ध प्रतिपक्ष की लोकतांत्रिक पार्टीयों के द्वारा एक संयुक्त इण्डिया गठबंधन बनाकर बीड़ा उठाया है। कांग्रेस द्वारा अपना घोषणापत्र भी जारी किया गया है। जिनमें हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, संविधानिक न्याय, आर्थिक न्याय, राज्य न्याय, रक्षा न्याय व पर्यावरण न्याय की बात कही गई है।

### मतदान हेतु पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किया

चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत अनुपस्थित मतदाता आवश्यक सेवाएं श्रेणी के मतदाताओं के लिए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर के प्रशासनिक भवन के भूतल सभागार में दिनांक 11, 12 एवं 13 अप्रैल, 2024 को मतदान हेतु पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) स्थापित किया गया है। पोस्टल वोटिंग सेंटर निर्धारित तिथियों पर प्रातः 9:00 से अपराह्न 5:00 बजे तक संचालित किया जाएगा।

## बच्चों को बांटी किताबे व कापी, पेंसिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः जिला मुख्यालय में विभिन्न दुकानों पर स्थापित किए गए धर्मघट गरीब और निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए मददगार बन रहे हैं। धर्मघट में एकत्रित की गई धनराशी से सरकारी स्कूलों में प्रवेशित नूतन छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामाग्री दी जा रही है। रामजन सहयोग संगठन के संयोजक अजय प्रकाश बड़ोला ने बताया कि वह चार साल से सरकारी स्कूलों में निर्धन एवं गरीब बच्चों को किताबे, कॉपी और पेंसिल मुहैया करा रहे हैं।

रविवार को रामजन सहयोग संगठन के सदस्यों ने जिला मुख्यालय के विभिन्न दुकानों पर स्थापित किए गए धर्मघट को तोड़कर धनराशी एकत्रित की। जिसमें संगठन को 2400 से अधिक की धनाराशी प्राप्त हुई। इस मौके पर जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने सुभाष बड़ोनी ने 200 कॉपियां एवं पेंसिल संगठन को दी। रामजन सहयोग संगठन के संयोजक बड़ोला ने बताया कि घर्मघट से प्राप्त धनराशी व अन्य शिक्षण सामाग्री को सोमवार को किसी एक सरकारी स्कूल के निर्धन एवं गरीब तबके के बच्चों को वितरित किया जायेगा।

कहा कि कोई छात्र-छात्रा स्कूल जाने से बंचित न रहे व छात्रों की छोटी सी मदद की जा सके स्थानीय लोगों की मदद से यह कार्य चार से करते आ रहे हैं। रविवार को धर्मघट अभियान में बचन सिंह राणा, राकेश नेगी,मोहित चंदोक, अनुप भंडारी, यशपाल सिंह पयाल, रमेश चंदोक, मान सिंह गुसाईं, जितेंद्र चौहान, सूरज डबराल सहित अन्य ने सहयोग किया।

### धूमधाम से मनाया हिंदू नवर्ष कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा धूमधाम से मनाया। इस दौरान विद्यामन्दिर इंटर कालेज के छात्र आकर्षण का केंद्र रहे। रविवार को स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक कमल ने कहा कि समरसता, बंधुता का भाव जागते हुए संघ का स्वयं सेवक संस्पर्शी रहना चाहिए। इस अवसर पर एकल व गण गीत स्वयं सेवकों द्वारा प्रस्तुत किए गए। उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय परिसर में स्वयं सेवक व संघ के कार्यकर्ता मैदान में एक कतार में खड़े होकर सभी ने अनुशासन का परिचय दिया और ध्वज फहराया। समापन पर संघ के पदाधिकारियों ने बौद्धिक विषयों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष महेश मिश्रा, संघ के पूर्व प्रचारक पुष्पेंद्र राणा, बृजमोहन रावत, प्रचारक धर्मपाल, जिला प्रचारक कमल, खंड कार्रवाह देवी प्रसाद डंडवाल, वेद प्रकाश वर्मा, चिरंजी लाल धस्माना, मुख्य शिक्षक सूरज कुकरेती, रोशन सिंह, हर्षवर्धन गौड़ आदि शामिल थे।

## महंगाई से जन परेशान, अब दिखाना वोट की ताकत:गोदियाल

### कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने सतपुली क्षेत्र में की जनसभाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार/सतपुलीः कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। आज महंगाई के कारण जनता परेशान हो चुकी है। कहा कि अब जनता वोट के माध्यम से जनता को अपना जवाब देगी। रविवार को नगर पंचायत के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में गोदियाल की जनसभा हुई। जिसमें बीरोंखाल, पोखड़ा, रिखाणिखाल, एकेश्वर, कल्जीखाल, द्वारीखाल, कोट सहित कई अन्य क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए गणेश गोदियाल ने कहा कि बीजेपी के लोगों द्वारा उनकी शिक्षा को लेकर भ्रमित किया जा रहा है। जबकि बीजेपी चाहे तो जांच करवा सकती है। कहा कि भाजपा का कार्य केवल जनता को गुमराह करना है। लेकिन, अब जनता भाजपा की चाल को समझ चुकी है। उन्होंने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुरु गोरखनाथ का चेला और अपने को केदारनाथ बाबा का चेला बातते हुए गुरुभाई कहा। जबकि, भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी को अमित शाह का चेला बताया। कहा कि भाजपा बड़े-बड़े स्टार प्रचारक लेकर आएगी। लेकिन, उनकी स्टार प्रचारक यह जनता है। इस मोके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, पंकज पोखरियाल, राजपाल बिष्ट, कवींद्र इष्टवाल, दिग्मोहन सिंह नेगी, प्रताप सिंह, महिपाल शाह, कीरत रावत, संजय डबराल, सुरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



सतपुली में जनसभा को संबोधित करते गणेश गोदियाल

## यज्ञ में आहुती डाल डालकर की सुख शांति की कामना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः आर्यसमाज ध्रुवपुर-कोटद्वार का 72 वां वार्षिकोत्सव पूर्णाहुती के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान सदस्यों ने यज्ञ में आहुतियां डालते हुए सुख-शांति की कामना की।

यज्ञ के यजमान धीरज धर बछुवाण व मीना बछुवाण ने संकल्प और समर्पण भाव से यज्ञ में आहुतियां दी। जलपान उपरांत पण्डित सुखपाल द्वारा प्रस्तुति भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवचन के लिये आमंत्रित आचार्य नितिन चतुर्वेदी युवा वक्ता ने ईश्वर और संस्कारों के विषय में अपने ओजस्वी वाणी से सभी को जाग्रत अवस्था में लाने का प्रयास किया। स्वागताध्यक्ष रणजीत सिंह द्वारा कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का स्वागत सम्बोधन के द्वारा किया। विशिष्ट अतिथि देव भूषण राणा, संस्थापक एन.एल.मांडन स्कूल,पूर्वी झण्डीचौड़ ने सफाई, सच्चाई व पढाई पर अपने सम्बोधन से सभी को चेताया। कार्यक्रम अध्यक्ष आनंद प्रकाश अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में सभी आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी से आर्यसमाज में आने का आवाहन किया। कार्यक्रम में आर्यसमाज के सभी युवा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर महानंद, भानुप्रकाश बलोदी, अजय लक्ष्मी, मीना अग्रवाल, मधु बत्रा, गुड्डी देवी, रक्षा देवी, नरेन्द्र चौहान, योगम्बर सिंह, चन्द्र मोहन, जगदीश खत्री, महेन्द्र कुमार खन्तवाल, सोनाली देवी, कमल, दीपक फूल, राजेन्द्र ग्रोवर, मुकेश, सुरेन्द्र लाल आर्य,रामलाल, राज गौरव नौटियाल आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते वक्ता

## रामनवमी पर होगी प्राण प्रतिष्ठा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः रामलीला मैदान में सिया राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। 17 अप्रैल रामनवमी पर्व पर सिया राम मंदिर में राम दरबार की मूर्तियों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की जाएगी। रामलीला समिति के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने बताया कि 8 अप्रैल को आचार्य वर्ग द्वारा भद्र निर्माण किया जाएगा। 9 अप्रैल को प्रात भद्र की पूजा, मूर्ति का जलाधिवास, औषधिवास के बाद अनुष्ठान, दैनिक पंचाग पूजा और आरती होगी। 10अप्रैल को सुबह 8 से 12 बजे तक पंचामृताधिवास, 11 अप्रैल को पुष्पाधिवास, 12 अप्रैल अन्नाधिवास (चावल), 13 अप्रैल फलाधिवास, 14 अप्रैल वस्त्राधिवास, 15 अप्रैल अन्नाधिवास (गेहूं), 16 अप्रैल हवन यज्ञ और 17 अप्रैल रामनवमी पर्व पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनावरण, पूर्णाहूति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल से हरदिन शाम 4 से 6 बजे तक महिला मंगल दलों के द्वारा भजन-कीर्तन किए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी शहरवासियों से इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## बाइक रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शहर में बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरी। रैली के बाद हस्ताक्षर कर मतदान करने व करावाने का संकल्प लिया गया।

रविवार को स्वीप की नोडल अधिकारी स्वीप एवं सीडीओ अपूर्वा पांडे की अगुआई में पौडी शहर में बाइक रैली निकाली गई। एजेंसी चौक से शुरू हुई बाइक रैली सर्किट हाउस से कंडोलिया, बुआखाल के रास्ते मतदाता जागरूकता के नारों के साथ नये बस अड्डे पंहुची। यहां सीडीओ ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई और यहां पर हस्ताक्षर अभियान चलाते मतदान करने व करवाने का संकल्प लिया गया। रैली में प्रतिभागियों ने अपने हाथों में तख्तियां, बैनर व पोस्टर लेकर जोश व उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के नारे लगाए। रैली में एसडीएम अनामिका सिंह, डीडीओ मनविंदर कौर, खाद्य अभिहीत अधिकारी अजब सिंह रावत, डीएसटीओ राम सलोने, मत्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी दृष्टि आनंद, ईओ नगर पालिका परिषद पौड़ी गौरव भसीन, रीप परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट आदि शामिल रहे।

## मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण और शरीर का प्रत्येक कण गढ़वाल के विकास हेतु समर्पित रहेगा: बलूनी




श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल लोकसभा चुनाव भाजपा कार्यालय श्रीनगर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र से पहुँचे प्रबुद्धजनों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में पहुंचे गढ़वाल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कहा कि उनके जीवन का प्रत्येक क्षण और शरीर का प्रत्येक कण गढ़वाल क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेगा। बलूनी ने कहा कि गढ़वाल से पलायन को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता में है। जिसका कार्य 4 जून के बाद पहले दिन से ही प्रारंभ किया जाएगा। कहा कि गढ़वाल क्षेत्र स्वास्थ्य, स्वरोजगार व पर्यटन की दृष्टिकोण से सबसे उत्तम है। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केंद्र और राज्य सरकार की जनाकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्रबुद्धजनों के सम्मुख रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर गढ़वाल विवि प्रतिकुलपति आरसी भट्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहनलाल जैन, पूर्व राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल, डॉ दीपा रावत, प्रमिला भंडारी, दिनेश चमोली, लक्की सिंह, राजेंद्र बिष्ट, जितेंद्र रावत, गिरीश पैन्यूली, गजपाल बर्थवाल, विमल बहुगुणा, कुशलानाथ, डॉ. सुधीर जोशी आदि मौजूद थे।

## महिलाओं के सशक्त बनने से होगा बेहतर समाज का निर्माण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः संत निरंकारी मिशन ब्रांच कोटद्वार की ओर से महिला संत समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को सशक्त बनाने पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में सतगुरु माता सुदीक्षा ने समाज में महिलाओं की भूमिका के बारे में बताया। कहा कि जहां महिलाओं की पूजा होती है उस घर में देवाताओं का वास होता है। महिला सशक्तिकरण के बिना हम बेहतर समाज निर्माण की कल्पना नहीं कर सकते। गीता भट्ट ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर समाज निर्माण में अपना सहयोग दें रही हैं। संत समागम में सत्तीचौड़, हल्दूखाता, किशनपुर, लालपुर, पदमपुर सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर रमन सिंह रावत, रंजना असवाल, समुन भाटिया आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक धूम

### छात्र-छात्राओं देश के सभी प्रांतों की लोकसंस्कृति की छटा बिखेरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज के वार्षिकोत्सव गूंज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समारोह में समा बांधा। इस अवसर पर कॉलेज में बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

शनिवार देर शाम को बलभद्रपुर स्थित कालेज परिसर में आयोजित वार्षिक उत्सव का बतौर मुख्य अतिथि समाजसेविका रेणुका गुसाईं, केनरा बैंक के प्रबंधक हिमांशु सिंह , कॉलेज के एमडी बीएस नेगी , पूर्णिमा नेगी , डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत बीबीए की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की। छात्राओं ने महाराष्ट्र का लावणी लोक नृत्य, गढ़वाली लोक नृत्य, छात्रों ने बॉलीवुड फ्यूजन डांस पर सबको झूमने पर मजबूर किया। बीएससी आईटी की छात्रा दिव्यांशी ने मनमोहन गीत सुनाया। बीसीए की छात्र-छात्राओं ने कश्मीर लोक नृत्य और गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। बीबीए के छात्र छात्राओं ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर किया। छात्रों ने आसामी, मद्रासी लोक नृत्य प्रस्तुत किया जबकि बीबीए के छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। छात्रों ने लेजी रील डांस और गढ़वाली लोक नृत्य के प्रसिद्ध देकर सबको झूमने पर मजबूर किया, जबकि बीबीए की छात्रा कशिश ने मनमोहन लोक नृत्य प्रस्तुत किया। देर रात तक दर्शक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पर झूमते रहे। इस अवसर पर कॉलेज के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कार्यक्रम संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सपना रौथान समेत कालेज के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन खुशी गुसाईं, आकाश, साक्षी और अनमोल ने किया।




वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती छात्राएं

## नववर्ष प्रतिपदा पर आरएसएस ने पथ संचलन किया

नई टिहरी। हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर क्षेत्र में पथ संचलन किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के साथ ही हर स्वयंसेवक को पंच परिवर्तन के लिए भी काम करने पर जोर दिया। जिनमें पर्यावरण एवं जल संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। सरस्वती विद्या मंदिर में डीएस बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्या भारती के जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश बहुगुणा ने बतौर मुख्य वक्ता संघ के कार्यों की जानकारी दी। कहा कि एक अच्छे स्वयंसेवक बनने के लिए व्यक्तिगत चरित्र, पारिवारिक चरित्र, सामाजिक प्रभाव और कार्यक्षेत्र अच्छा होना चाहिए। उन्होंने संघ के स्थापना से लेकर वर्तमान दौर की जानकारी भी दी। इसके बाद स्वयंसेवकों ने केंद्रीय विद्यालय, वसंत विहार, मुख्य बाजार, विधि बिहार, ई ब्लॉक सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पथ संचलन किया। साथ ही मिष्ठान वितरण कर हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर खुशी व्यक्त की। इस मौके पर नगर संचालन सतीश थपलियाल, सह विभाग कार्यवाह संजीव भट्ट, नगर कार्यवाह रामानुज बहुगुणा, डा हर्ष वर्धन, नरेंद्र नेगी, गणेश भट्ट, शीशराम कोठियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, पूर्व मंत्री दिनेश धनाई, पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार, डा प्रमोद उनियाल आदि मौजूद थे।

### बूथ की मजबूती पर दिया जोर

चमोली। रविवार विकासखण्ड नारायणबगड़ में मण्डल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र सयोजकों, बूथ अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने कहा कि बूथ अध्यक्षों को अपने बूथों को मजबूत करने के लिए दिन रात मेहनत करने की जरूरत है।

## 161 पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

नई टिहरी। रविवार को नगर पालिका हॉल बौराड़ी में मास्टर ट्रेनरों ने प्रतापनगर विधानसभा की 161 पोलिंग पार्टियों के 699 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया।

जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उनके अधिकार और कर्तव्य समझाए गए। वहीं कार्मिकों को ईवीएम, वीवीपैट की हैंडसऑन ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मयूर दीक्षित ने कार्मिकों को निर्देश दिए कि सभी पहलुओं को समझ लें। कहा कि मतदान कार्य को गंभीरता से लेते हुए इसका संपादन करें। कहा कि संसय का निराकरण कर इसको डायरी में नोट कर लें। मास्टर ट्रेनर एमएम खान, दीपक रतूड़ी, सुशील तिवारी, डीएस भंडारी ने कार्मिकों को उनके कार्य एवं दायित्वों से अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्होंने विभिन्न प्रारूप, पत्र, लिफाफे, ईवीएम को खोलना बंद करना और सील करना, पीठासीन अधिकारी की डायरी व रिपोर्ट, मॉकपोल, मतदान हेतु तैयारी के विभिन्न चरणों, मशीन सील करने, मॉकपोल से मतदान समाप्ति तक की घोषणाएं, मतदान सामाग्री आदि के बारे में बताया। इस मौके पर सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम प्रतापनगर आशिमा गोयल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

देहरादून। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर रविवार को नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन देहरादून यूनिट एवं सेवा भारती देहरादून महानगर की ओर से भीमेश्वर महादेव मंदिर गोविंद गढ़ में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. विजय भंडारी, डॉ. गोपाल जी शर्मा, डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. प्रवीण मित्तल, डॉ. अनंत नारायण सिन्हा, डॉ. नीरज, डॉ. योगेश्वरी कृष्णन, डॉ. संगीता जैन, डॉ. महेश खुतान, डॉ शोभित ने अपनी सेवा दी। शिविर में 170 मरीजों को परामर्श, दवाएं एवं अन्य जांच की सुविधा दी गई। इस दौरान सेवा भारती से हरि शंकर, अविनाश भाटिया, विभाष चंद्र, प्रदीप कुमार गोयल, रेखा रावत, मोनिका पाल, लोकेश शर्मा , हरप्रीत, सुमित रोहिल्ला, मनमोहन रावत का सहयोग रहा।नुक्कड नाटक से स्वास्थ्य एवं मतदान के प्रति जागरूक कियाः गोविंद गढ़ स्थित भीमेश्वर महादेव मंदिर में दून मेडिकल कॉलेज के 2022, 2023 बैच के छात्र–छात्राओं जसलीन, यशस्वी, अंशिका, प्रतीक, अग्रवाल, मुकुल, मान्या, मुस्कान, अनुष्का, आरुषि, हिमांशु, अमन, पंकज, विकल्प, शुभम, नीतीश, कनिष्क, शैलेन्द्र, आशीष ने नुक्कड़ नाटक हमारा स्वास्थ्य हमारा हक् के माध्यम से लोगो को जागरूक किया एवं मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया।स्कूल में लगा मुफ्त शिविरः विश्व स्वास्थ्य दिविस के मौके पर रायपुर रांझावाला में अश्विनौ आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय की ओर से पॉली किड्स स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंचकर्म विशेषज्ञ वैद्य अंकित थपलियाल, वैद्य अराधना नौटियाल ने 100 से ज्यादा लोगों को चिकित्सीय परामर्श दिया। मुफ्त जांच एवं दवाएं भी दी गई। इस दौरान वैद्य पंकज, वैद्य आशीष, वैद्य समृद्धि, वैद्य सृष्टि आदि मौजूद रहे।

### बिजल्वाण भ्रातृ मंडल जरूरतमंदों की मदद करेगा

देहरादून। बिजल्वाण भ्रातृ मंडल समिति के वार्षिक समारोह में जरूरतमंदों की मदद का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। रविवार को हरिद्वार रोड स्थित राजधानी वैडिंग प्वाइंट में समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि समिति समाजसेवा के कामों पर विशेष फोकस करेगी। जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन बांटी जाएगी। जरूरतमंदों की पढ़ाई और विवाह में भी सहयोग किया जाएगा। जल्द ही सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस मौके पर दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले श्रुति, दिव्यांश, नमन, सृष्टि, वर्षिता आदि छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पंकज बिजल्वाण, सचिव महेश बिजल्वाण, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बिजल्वाण, मातब बिजल्वाण, लाखीराम बिजल्वाण, शेखरानंद बिजल्वाण, विजय बिजल्वाण, पीएस बिजल्वाण, सुरेंद्र बिजल्वाण, सोहनलाल बिजल्वाण आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में छात्रों की हुई जाँच

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर अनंता फेस्ट की टीम ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में संयुक्त उपजिला चिकित्सालय के डॉ.लोकेश सलूजा, डॉ. सचिन चौबे, डॉ केके गुप्ता,डॉ.मोरिशा पंवार के द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया। शिविर में 200 से अधिक छात्रों की आंख, कान, दांत व स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर सिंह नेगी, डॉ. एमपी थपलियाल, परवेज मलिक, वीरेंद्र बिष्ट, चिराग, विमल बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

### निगम ने नया वाहन खरीदा

हरिद्वार। नगर निगम ने लावारिश पशुओं को पकड़ने के लिए एक नया वाहन खरीदा है। पहले वाला वाहन काफी पुराना होने के कारण पशुओं को वाहन में चढ़ाने पर पशु और कर्मचारी चोटिल होने का खतरा बना हुआ था। निगम ने 23 लाख की लागत का पशु वाहन खरीदा है। सफाई निरीक्षक श्रीकांत ने बताया कि निगम का पशु वाहन पुराना और क्षतिग्रस्त होने के कारण परेशानी हो रही थी।

### 3 लोगों पर गुंडा एक्ट में कार्रवाई

चमोली। लोकसभा आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि से लेकर अभी तक चमोली पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु 795 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार आदर्श आचार संहिता के तहत 15 व्यक्तियों को शान्ति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार किया गया है।

# मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी






चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र,निष्पक्ष और सफलतापूर्वक सम्पादित कराने के लिए जनपद के 912 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । रविवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर व राइका गोपेश्वर में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम को द्वितीय प्रशिक्षण और मतदान अधिकारी द्वितीय एवं तृतीय तथा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रथम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनरों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सभी मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, केसी पंत, जयवीर रावत एवं विनोद रावत ने पीजी कॉलेज एवं राइका गोपेश्वर में पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों व जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ईवीएम का सामान्य व व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आरओ चमोली राजकुमार पाण्डेय, आरओ थराली अबरार अहमद, सहायक नोडल स्वीप कुलदीप गैरोला मौजूद रहे।

# यूकेडी के बॉबी के प्रचार के लिए बनाई रणनीति

विकासनगर( आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड क्रांति दल की रविवार को हुई बैठक में निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार के समर्थन में प्रचार करने के लिए रणनीति तैयार की गई। डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय में हुई बैठक में उक्रांद के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि दल ने टिहरी लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार को समर्थन देने का निर्णय लिया है। प्रचार के दौरान जनता तक उन मुद्दों को पहुंचना है, जो इस प्रदेश के भविष्य के लिए नितांत आवश्यक हैं। लोकसभा चुनाव केवल सांसद के चयन का नहीं बल्कि उत्तराखंड की आवाज को संसद तक पहुंचने का एक मौका है। यहां के मूल निवासियों की जरूरत के मुताबिक नीतियां बनाने की आवश्यकता है। चाहे वह जल जंगल जमीन की नीति हो, रोजगार की नीति या फिर सबसे महत्वपूर्ण मूल निवास 1950 की बात हो। इन सभी के लिए आवाज संसद तक पहुंचाई जानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि उक्रांद की रीति नीति हर घर, हर दरवाजे, हर व्यक्ति तक पहुंचाई जाए और उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा समर्थित प्रत्याशी बॉबी पंवार के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। केंद्रीय सवोच्च सलाहकार समिति के सदस्य शैलेश गुलेरी ने कहा जब तक मूल निवास लागू नहीं होगा तब तक न तो बेरोजगारी से निजात मिलेगी और न ही यहां के मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी।

### नंदगांव में बिजली के उपकरण हुए खराब

उत्तरकाशी। बड़कोट तहसील के नंदगांव में शनिवार रात को एक डंपर ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी। जिससे बिजली की तारें आपास में टकरा गई। इससे दर्जनों परिवारों के विद्युत उपकरण शॉट सर्किट के कारण खराब हो गए। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रेश है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी और विद्युत विभाग से उचित कार्यवाही की मांग की है।

## अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों के विकास पर किया मंथन

विकासनगर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में रविवार को अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक में बच्चों के विकास और विद्यालय में कराई जाने वाले गतिविधियों पर चर्चा हुई। प्राचार्य सुधा पैन्यूली ने कहा कि बच्चे को गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने में अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभिभावक और शिक्षक एक साथ मिलकर इस ओर ध्यान दें तो इसमें दो राय नहीं कि यह बच्चों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है। कहा कि बच्चे एक चौथाई शिक्षा शिक्षकों से, एक चौथाई स्वयं और आधी शिक्षा अपने अभिभावकों से सीखता है। इस दृष्टि से अभिभावकों का शिक्षा और उसकी गुणवत्ता के विकास में सहयोग लेना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बैठक में शिक्षक अतुल काला ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक और शिक्षकों को मिलकर काम करना होता है। बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं, उन्हें हम जिस सांचे में ढालना चाहेंगे वे उसी अनुरूप हो जाएंगे। ऐसी परिस्थिति में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। बच्चों के विकास में हमें सतत रूप से प्रयत्नशील रहना चाहिए। शिक्षक सचिन चमोली ने अभिभावकों की जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान करने के साथ ही विद्यालय में कराई जाने वाली शिक्षणेत्तर गतिविधियों से अभिभावकों को रूबरू कराया।

### 100 से अधिक दिव्यांग बच्चों ने उठाया चिकित्सा शिविर का लाभ

ऋषिकेश। कैलाश आश्रम मुनिकीरेती में रविवार को प्रेडिक्टिव होमियोपैथी एवं कैलाश आश्रम की ओर से आयोजित शिविर में सौ से अधिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में मुंबई के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अंबरीश विजयकर और उनकी टीम ने मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा और आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। इस दौरान शिविर में सेरेबराल पॉलसी, औटिस्म, डाउन सिंन्ड्रोम, दिल में छेद इत्यादि जैसी लाइलाज समझें जाने वाले रोगों से ग्रस्त 100 से अधिक बच्चों की जांच की गई।

# कांग्रेसियों ने गोदियाल के पक्ष में निकाली रैली



रुद्रप्रयाग। कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के पक्ष में समर्थन के लिए मयाली में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर बाजार में रैली निकालते हुए जनता से समर्थन मांगा।

इस मौके पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के दस साल के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक, महिलाओं पर अत्याचार सहित कई अनियमितताएं हुई है। कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर भी कटाक्ष करते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि स्वार्थ परस्त लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं जो कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं वे पार्टी किसी भी दशा में नहीं छोड़ सकते हैं। कांग्रेस नेता ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, कांग्रेस बुद्धिजीवी एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिव सिंह रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बीरेंद्र सिंह बुटोला, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख और पीसीसी सदस्य अर्जुन गहरवार आदि ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अंकिता हत्याकांड में दोषियों को बचाने का काम कर रही है। भाजपा के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों से त्रस्त है। कांग्रेस महगांई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जनता के बीच जा रही है। मौके पर पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख चैंन सिंह पंवार, राज्य आंदोलनकारी हयात सिंह राणा, पण्डित विनोद थपलियाल, रमेश पंवार, पूर्व प्रधान हरीश पुण्डीर, पूर्व प्रधान त्रिलोक सिंह रौतेला, नरेन्द्र सिंह चौहान, प्रकाश थपलियाल, विनोद ममगांई, अखिलेश भट्ट, जयदीप पंवार आदि मौजूद थे।

# दिव्यांग मतदाताओं ने क्रिकेट मैच खेलकर दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश



चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के अंतर्गत रविवार को पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित मैच में गोपीनाथ क्लब की टीम ने जीत दर्ज की। पुलिस मैदान गोपेश्वर में समाज कल्याण और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज कल्याण अधिकारी धनंजय लिंगवाल ने किया। प्रतियोगिता में टॉस जीत कर बीबीसी क्लब की टीम ने 12 ओवर में 84 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। पहली पारी में रमेश कन्याल ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। दूसरी पारी में गोपीनाथ क्लब की टीम ने 2 विकेट गंवाकर 87 रन बनाकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से पृथ्वी राज ने 35 और कुलदीप ने 28 रनों का योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

प्रतियोगिता का समापन स्वीप नोडल व मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिये स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत घर–घर संपर्क अभियान, चौपाल के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप नोडल अधिकारी ने समापन कार्यक्रम के दौरान विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। दूसरी ओर स्वीप की ओर से देवखाल, सोनला बछेर, जोशीमठ नगर क्षेत्र में बूथ सप्ताह आयोजित किया गया। साथ ही मतदाता जागरुकता रथ के माध्यम से हाट कल्याणी, उलंगरा, ताजपुर, बामनबेरा, कंडाई, बकरीगाड, ल्वांणी, मुंदोली, लोहजंग, कुलिंग, दिदना, पूर्णा, नंदकेसरी, चेपडों, राडीबगड़, सूना, थराली बाजार, भेंटा और वांण में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर विक्रम सिंह, रश्मी बिष्ट, संतोशी नेगी, हेमा नयाल, देवेंद्र सिंह, संजीव बुटोला, राजपाल सिंह, उत्तम, लखपत, विक्रम कोठारी, राजेन्द्र प्रसाद सती, प्रबोध डिमरी, पृथ्वी रावत, दीवान सिंह नेगी और शिवराज बोरा आदि मौजूद थे।

# टिहरी लोस के इतिहास में नया अध्याय जुड़ेगाः बॉबी

देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे बॉबी पंवार ने देहरादून के विभिन्न हिस्सों में घर–घर जाकर समर्थन जुटाया। उन्होंने उत्तराखंड में राज कर चुकी भाजपा और कांग्रेस दोनों सरकारों पर निशाना साधा।

बॉबी पंवार का जनसंपर्क अभियान रविवार को नेशविला रोड स्थित चुनाव कार्यालय से शुरू हुआ। वो पैदल बकरावला, डोभालवाला, चुक्खुवाला, गुरुनानक इंटर कॉलेज, पीएंडटी कॉलोनी, ओंकार रोड, पोस्ट ऑफिस गली, राजपुर रोड होते हुए वापस कार्यालय पहुंचे। दोपहर बाद उन्होंने मोहनपुर, स्मिथनगर, प्रेमनगर बाजार, शिवपुरी कॉलोनी, जनरल विंग, दशहरा मैदान, ठाकुरपुर में भी पैदल चलकर जनसंपर्क किया। इस दौरान महिलाओं और युवाओं ने उनका खुलकर समर्थन किया।

बॉबी ने कहा कि इसबार टिहरी लोकसभा की जनता टिहरी के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने जा रही है। जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों से जनता नाखुश है। जनसंपर्क के दौरान राज्य आंदोलनकारी मनोज ध्यानी, किसान नेता भोपाल चौधरी, राम कंडवाल, सुरेश सिंह, भूपेंद्र कोरंगा, बिट्टू वर्मा, गणेश धामी, कृष्णा, संदीप कंडारी, नवीन चौहान, धीरेंद्र बुटोला, अतुल नेगी, विशाल चौहान आदि मौजूद थे।

## सीएससी एक्सपर्ट ने किया बाल विद्यालय का निरीक्षण

ऋषिकेश। पेन–इंडिया स्कूल भानियवाला में संचालित प्री–प्राइमरी सीएससी बाल विद्यालय का दिल्ली से आए सीएससी विशेषज्ञों ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद टीम के सभी सदस्य स्कूल में दी जा रही तकनीक आधारित शैक्षणिक सुविधाओं से संतुष्ट नजर आए। पेन–इंडिया स्कूल को डोईवाला ब्लॉक का पहला प्री–प्राइमरी सीएससी एकडेमी सर्टीफाइड बाल विद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। सीएससी ई–गर्वनेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और आईएएस (रिटा.) शंकर अग्रवाल की अगुवाई में सीएससी विशेषज्ञों ने निरीक्षण के दौरान शिक्षिकाओं से एजुकेशन पैटर्न के संबंध में चर्चा की। सीएससी के प्रोजेक्ट हेड और मुख्य सलाहाकार विवेक कुमार ने बताया कि देशभर में अब तक करीब 3400 से ज्यादा स्कूलों को सीएससी से जोड़ा गया है। आईआईटी दिल्ली के एक्सपर्ट पैनल की निगरानी में सीएससी बाल विद्यालय के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। पेन–इंडिया फाउंडेशन (पीआईएफ) के संरक्षक डॉ.प्रकाश केशवया ने टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर पीआईएफ के संस्थापक अनूप रावत, दीपालिका नेगी, दीपाली तोपवाल, निर्मला गुसाईं, किरण पंवार आदि उपस्थित रहे।

### छात्र–छात्राओं ने रोबोटिक्स जानकारियां साझा की

ऋषिकेश। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास और सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय माण्डूवाला के बच्चों ने एक–दूसरे से रोबोट बनाने संबंधित जानकारियां साझा कीं। उन्होंने एम्स ऋषिकेश के विभिन्न डिपार्टमेंट्स की कार्यप्रणाली भी समझी। रविवार को आवास विकास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय माण्डूवाला देहरादून के बच्चों का टूर आया।

आवासीय विद्यालय माण्डूवाला देहरादून के छात्र–छात्राओं ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र–छात्राओं से रोबोट बनाने संबंधित जानकारी को साझा किया।

# बसपा प्रत्याशी ने टिहरी में मांगे वोट



नई टिहरी। टिहरी लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी नेम चंद ने जिला मुख्यालय सहित चंबा, काणाताल, कद्दूखाल और धनोल्टी में सघन जनसंपर्क कर वोट मांगे। बौराड़ी में आयोजित नुक्कड़ सभा में बसपा उम्मीदवार ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बहुजन समाज पार्टी की इस देश को आगे बढ़ा सकती है। कहा कि एक ओर तो सरकार के विधायक और मंत्री धड़ल्ले से पेंशन ले रहे हैं, वहीं 60 साल सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को पेंशन के हक से वंचित रख रहे हैं। कहा कि टिहरी संसदीय क्षेत्र आज भी विकास के लिए तरस रहा है। कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो दलित, शोषित, अपवंचित, ओबीसी सहित गरीब वर्ग के लिए बेहतर योजनाएं बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव सुशील पांडेय व संजय खत्री, महेश आर्य, उत्तरकाशी जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल, दिनेश ढौंडियाल, रोशन लतान आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में जौहर दिखाएंगे हरिद्वार के राजवीर



हरिद्वार। देव संस्कृत विवि शांतिकुंज में कोच नरेंद्र गिरी के नेतृत्व में राजवीर सिंह ने तीन वषी तक कड़ी मेहनत के बाद राष्ट्रीय कुश्ती में लोहा मनवा दिया। अब राजवीर सिंह जल्द ही अंतरराष्ट्रीय रेसलिंग में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हरिद्वार ग्रामीण के दूधला दयालवाला गांव निवासी राजवीर सिंह ने गांव, जनपद और प्रदेश का नाम भी रोशन किया। गांव में ही दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद गैंडीखाता से इंटरमीडिए की परीक्षा पास की। राजवीर को कबड्डी और कुश्ती का शुरू से ही शौक रहा। मन में कुछ कर गुजरने कि चाह राजवीर को हरिद्वार के शांतिकुंज ले आई और कुश्ती के कोच नरेंद्र गिरी ने उनकी प्रतिभा को पहचान तराशा। राजवीर सिंह के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### खरीदारों की भीड़ से रुड़की के बीटी गंज में जाम

रुड़की। त्योहार में खरीदारी को लेकर शहर के बीटी गंज में बाजार में लोगों को जाम का जाम झेलना पड़ा। अधिकतर लोग अपने वाहनों से बाजार पहुंचे। जिस वजह से काफी दिक्कतें झेलनी पड़ी। मंगलवार से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। जबकि ग्यारह अप्रैल को ईद होगी। ऐसे में शहर के बाजारों में अब भीड़भाड़ होनी शुरू हो गई है। शहर का बीटीगंज बाजार महिलाओं के श्रृंगार और पूजा पाठ की सामग्री के लिए जाना जाता है। जहां रविवार को साप्ताहिक सरकारी अवकाश होने के चलते आम दिनों के मुकाबले काफी ज्यादा भीड़ रही। दोपहर करीब साढ़े चार बजे के आसपास बाजार में काफी भीड़ से जाम लगने लगा। जिस वजह से लोगों को वहां से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## भाजपा ने सभी धर्मों के लिए एक समान काम कियाः शाहनवाज हुसैन

रुड़की। घाड़ क्षेत्र के सिकरौडा गांव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने जनसभा को संबोधित कर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद शाहनवाज हुसैन ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने सभी धर्मों के लिए एक समान काम किया है। जिस वजह से सभी की जुबान पर पार्टी की जीत की बात है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से लेकर पूरे देश में भाजपा के कामों का जादू छाया है। भाजपा सभी के धर्मों और वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर धर्म की राजनिति करने का आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा एक धर्म के लोगों को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। लेकिन समाज के लिए कोई बेहतर काम नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दिग्गज अमेठी से भी चुनाव जीत नहीं सकते तो हरिद्वार से जीतने की तो संभावना ही नहीं है। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के पक्ष के ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील कस्बे में की है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने भी कस्बे से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराए जाने की अपील की।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com